

# जिले में औसत से 98 .1 मिलीमीटर ज्यादा हुई वर्षा

## धान की फसल को सर्वाधिक मिलेगा लाभ, खरीफ कृषि सीजन में समयानुसार बारिश से खेतों में बनी पर्याप्त नमी

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। जिले में औसत से 98.1 मिलीमीटर ज्यादा बारिश इस वर्ष दर्ज की गई है जो कि एक रिकार्ड है। धान की फसल को समयानुसार अच्छी बारिश होने से सर्वाधिक लाभ मिलेगा। खरीफ कृषि सीजन में बारिश से खेतों में बराबर नमी बनी हुई है।**

बताते चलें कि सीधी जिले में औसत बारिश 1250 मिलीमीटर है। विगत दो दशकों से औसत बारिश नहीं हो रही थी। बारिश का औसत विगत वर्षों में अधिकतम 1100 मिलीमीटर के आसपास ही रहता था। विगत 3 वर्षों से तो औसत वर्षा का आंकड़ा 1000 मिमी. के आसपास ही सिमटा हुआ था। इस वर्ष जहां समय पर मानसून सक्रिय हुआ और खरीफ सीजन में बोनी का कार्य जून महीने के अंतिम सप्ताह में ही शुरू हो गया था। अच्छी बारिश होने के कारण किसानों के चेहरे खिले हुये हैं।



चर्चा के दौरान समीपी क्षेत्रों के कुछ किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन में कृषि के अनुकूल बारिश का दौर रुक-रुक का चलता रहा। इससे किसान अपनी सुविधा के अनुसार जहां खेतों की बोनी समय पर कर सकें वहीं रोपा लगाने के लिये तेज बारिश भी हुई। खरीफ सीजन में सभी फसलें काफी अच्छी हालत में हैं। अभी तक हुई बारिश से फसलों को कोई क्षति नहीं हुई है। सभी फसलों की पैदावार काफी अच्छी है। यह अवश्य है कि यदि आगे तेज बारिश का दौर चला तो दलहनी फसलों को क्षति हो सकती है। बरसात का सीजन 15 अक्टूबर तक माना जाता है। इसके बाद बारिश की संभावना कम हो जाती है। अभी करीब 10 दिनों तक बारिश की संभावना बनी हुई है। खरीफ सीजन में भगवान इंद्र देव को काफी मेहरबान रहने से किसानों को बम्पर फसलों की पैदावार मिलने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में यह माना जा रहा है कि बारिश की विदाई का समय चल रहा है। इस वजह से जो बारिश हो रही है वह कुछ इलाकों का तक ही सिमट रही है। फिर भी सीधी जिले के सभी इलाकों में अच्छी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश सीधी जिले के सिहावल तहसील में दर्ज हुई है।

### जिले में अब तक 1348 .1 मिमी . वर्षा दर्ज

अधीक्षक भू .अभिलेख ने बताया कि 4 अक्टूबर को सीधी जिले में 54 .4 मिमी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 49 .3 मिमी . चुरहट 132 .0, गोपद बनास में 68 .2, सिहावल में 50 .6, बहरी में 46 .4, मझौली में 21 .0 और कुसमी में 13 .0 मिमी . वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1348 .1 मिमी . औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 4 अक्टूबर तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1492 .5 मिमी . दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 1045 .5 मिमी ., चुरहट में 1245 .0, गोपद बनास में 1416 .8, बहरी में 1466 .5, मझौली में 1425 .0 मिमी . और कुसमी में 1345 .2 मिमी . औसत वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 1291 .1 मिमी . औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 57 मिमी . औसत वर्षा अधिक हुई है।

### इनका कहना है

बारिश होने से मौजूदा परिस्थितियां खेती के लिये अनुकूल हैं। धान की फसल को पर्याप्त पानी मिल रहा है, जबकि अरहर की फसल लगभग तैयार है और उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। यदि बारिश का सिलसिला और तेज हुआ तो दलहन फसलों को हानि पहुंच सकती है।

**डॉ.धनंजय सिंह, कृषि वैज्ञानिक**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, सीधी**



# समग्र शिक्षा अभियान : शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

## 865 शिक्षकों को सिखाई गई नवीन शिक्षण तकनीक

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के सभी 210 शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विषय शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम टाटा कॉलेज सीधी में आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के निर्देशन एवं एडीपीसी प्रवीण शुक्ल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

प्रशिक्षण में छहों विषयों के मास्टर ट्रेनरों द्वारा कक्षा 10वीं में पढ़ाने वाले शिक्षकों को विषय शिक्षण के नवीन तरीकों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। एपीसी रमसा डॉ.सुजीत कुमार मिश्र ने बताया कि अकादमिक गुणवत्ता में सुधार एवं बोर्ड परीक्षा के परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हिन्दी विषय के 145, अंग्रेजी के 144, संस्कृत के 132, गणित के 139, सामाजिक विज्ञान के 148 और विज्ञान विषय के 157, इस प्रकार कुल 865 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। 29 एवं 30 सितम्बर को आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने शिक्षकों को कठिन विषयवस्तु को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाने की तकनीकें सिखाईं। यह प्रशिक्षण आगामी दिसम्बर माह तक प्रत्येक महीने आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीक, व्यावहारिक उदाहरणों और रचनात्मक शिक्षण विधियों से परिचित कराना है ताकि विद्यार्थी विषय को सहजता से समझ सकें और जिले की अकादमिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को समग्र शिक्षा अभियान के विभिन्न घटकों से भी परिचित कराया गया। इनमें एक भारत श्रेष्ठ भारत, कल्चरल ट्यूनिंग, स्कूल मेंटरिंग वाया हायर एजुकेशन, ओजस क्लब, परीक्षा पे चर्चा, कम्युनिटी मोबिलाइजेशन, मेरी शाला बेस्ट शाला, विद्यांजलि पोर्टल, भारत एक उभरती हुई अंतरिक्ष शक्ति, वीर बाल दिवस, उज्ज्वल एवं उमंग कार्यक्रम, जादू नहीं विज्ञान है, करियर मार्गदर्शन, रेमेडियल टीचिंग तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण आयोजन में विजय सिंह, बालेन्दु शेखर दुबे, पुष्पराज सिंह, मनीष शुक्ल, प्रकाश सिंह एवं बागीश शुक्ल का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर में

### वुशू व कराते में भाग लेने 20 खिलाड़ी रवाना



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी (नियंत्रण कर्ता अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी) तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव (जिला अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी) के मार्गदर्शन तथा कोच मानिंद शेर अली खान की ड्यूटी भोपाल से रेफरी में लगाई गई है। वूशु टीम के साथ ग्वालियर रवाना व साथ में दीनानाथ केवट दल प्रभारी दीपक पाण्डेय शामिल हैं। उक्त प्रतियोगिता 69वीं राज्य स्तरीय शालेय वूशु, कराते प्रतियोगिता अंडर 17 , 19 जो कि ग्वालियर मुरार क्रमांक 1 में आयोजित होगी। 4 से 8 अक्टूबर तक चलेगी । पुलिस अधीक्षक सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की खिलाड़ियों को बधाई दी। सीधी पुलिस लाईन वूशु ट्रेनिंग सेंटर सामुदायिक भवन में वुशू खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं जिसके फलत : जिला सीधी के खिलाड़ी आज अपने माता-पिता के साथ जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। इन सभी खिलाड़ियों को एकलव्य स्कूल के डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, हरिशंकर पाण्डेय, जिला क्रीड़ा अधिकारी सीधी, बबूल भईया पीटीआई, अरविंद सिंह, मुकेश मिश्रा, विक्रम सिंह, गणेश विद्यालय के अरुण ओझा, एसआईटी स्कूल रविन्द्र सिंह आदि लोगों ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीत की कामना की।

### रंगदूत की रामलीला ने बिखेरा आस्था का रंग



**सीधी।** विजयादशमी पर्व पर संस्कृति संचनालय म .प्र . शासन द्वारा हर जिले में आयोजित रामलीला श्रृंखला के अंतर्गत बीती रात सीधी के स्टेडियम में रंगदूत सीधी ने भव्य प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से सम्पन्न इस आयोजन का शुभारंभ गणेश वंदना और हनुमान आरती से हुआ, जिसने पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। इसके पश्चात निषादराज गुह और केवट प्रसंग का विस्तृत मंचन किया गयाए जिसने दर्शकों को गहराई से छू लिया साथ ही पूरे रामलीला निषादराज गुह्य का मंचन हुआ जिसमें सभी प्रसंग थे। राम के बचपन से लेकर उनके राजतिलक तक का वर्णन देखने को मिला। निर्देशक भारती सोनी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत इस रामलीला में अनंत मिश्रा ने राम, रवित मिश्रा ने लक्ष्मण, खुशी सोनी ने सीता, चंदन पटेल ने हनुमान, दीपु प्रजापति ने निषादराज, राजेन्द्र दुबे ने केवट, साक्षी सोनी ने गंगा, वागीश मिश्रा ने वाल्मीकि, राहुल गुप्ता ने दशरथ और मंजु प्रजापति ने कैकेयी की भूमिका निभाई। वहीं सूत्रधार की जिम्मेदारी कुलदीप सोनी ने संभाली। कोरस के रूप में वतन साकेत, गौरव वर्मा और नीरज यादव ने सामूहिक प्रस्तुति दी।

### पीएमश्री नवोदय चुरहट में प्रवेश आवेदन 7 तक

**सीधी।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ .डी .के .त्रिपाठी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि में वृद्धि कर अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। सीधी जिले में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के छात्र कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए बेवसाइट की लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार जिले में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु बेवसाइट की लिंक से आवेदन भर सकते हैं। प्राचार्य डॉ .त्रिपाठी ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 से पूर्व समय पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

### विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 : पंजीकरण 6 तक

**सीधी।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों में नई सोच, तकनीकी नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के विद्यार्थी विकसित भारत के निर्माण में अपनी रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान में कक्षा 6 से 12वीं तक के सभी मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों-शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त संस्थानों के विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के निर्देशन में जिले भर के विद्यालयों में विशेष ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीयन और आइडिया अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों को इस दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक छात्र इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ सकें। एपीसी रमसा डॉ .सुजीत कुमार मिश्र ने बताया कि विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 की चार मुख्य थीम-आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशीए वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत पर विद्यार्थी अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करेंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 6 से 13 अक्टूबर तक शिक्षक विद्यार्थियों को परियोजना की तैयारी में मार्गदर्शन देंगे। 13 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लाइव कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद 13 से 31 अक्टूबर तक विद्यार्थी अपने विचार और प्रोटोटाइप ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तकनीकी सोच और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध होगा।

# कथा व्यास ने तीसरे दिवस भक्त प्रहलाद-ध्रुव चरित्र की सुनाई कथा

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। राम जानकी पैलेस राम जानकी मंदिर के सामने पटपरा रोड सीधी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में तीसरे दिन कथा व्यास डॉ.श्याम सुंदर पाराशर ने प्रहलाद-ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद प्रसंग और नरसिंह अवतार के प्रसंग सुनाये।**

इसके पूर्व कथा के पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। यजमान आयोजक श्रीमती प्रमिला यज्ञ नारायण सोनी हैं। प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि श्रीमती रीती पाठक विधायक सीधी रही। दूसरे दिन भाजपा पूर्व अध्यक्ष केके तिवारी एवं तीसरे दिन के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा रहे। इस दौरान आरती के पश्चात सीधी शहर के समीप सोनभद्रेश्वर महादेव मंदिर के घाट में महानद सोनभद्र महाराज की आरती कथा व्यास डॉ.श्याम सुंदर पाराशर महाराज वृंदावन धाम द्वारा की गई।



कथावाचक ने कहा कि हिरण्यकश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रहलाद को खत्म करो, भस्म करो। लकड़ियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए गए हैं।

इस दौरान जब आग की भयानक ज्वाला हुई तो भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान, अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रहलाद बच गए। नरसिंह अवतार में हिरण्यकश्यप को मारकर भक्त प्रहलाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता-पिता की सेवा कर सकें। गोसेवा और साधु की सेवा कर सके। भक्तगणों में दो रामनारायण स्वर्णकार, पी.पी.सिंह चौहान, एसपी सोनी, महेन्द्र सोनी, रमाशंकर सोनी, जवाहरलाल गुप्ता, बाबा सिंह, राधेश्याम सोनी, शिव शंकर मिश्रा सरस, अवधेश सोनी, विनय सिंह, महेन्द्र श्रॉफ सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# मोगली पलटन ने मनाई दूसरी वर्षगांठ, आयोजित की मासिक कछुआ चाल साइकिल रैली

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल टोली मोगली पलटन ने गांधी जयंती के अवसर पर अपनी द्वितीय वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर गाय है तो गांव है के विषय पर ग्राम हनुमानगढ़ में अपनी मासिक कछुआ चाल साइकिल रैली आयोजित की। रैली स्व.चन्द्रप्रताप तिवारी प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के दूसरे छोर पर समाप्त हुई।**

2 अक्टूबर 2023 को अस्तित्व में आई इस पहल का ध्येय है-बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के संस्कार रोपना, उनमें रचनात्मक नेतृत्व की चेतना जागृत करना तथा ऐसा नवोन्मेषी शिक्षण मॉडल तैयार करना जो विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक हो। पिछले दो वर्षों की यात्रा में मोगली पलटन ने अनेक गतिविधियां संचालित की हैं। जिसमें सोन



घड़ियाल संरक्षण के लिए 2 साइकिल यात्राएं और 12 घंटे में 100 किमी की यात्रा। 31 अक्टूबर 2023 सरदार पटेल जयंती पर पर्यावरण संरक्षण विषयक ओपन बुक प्रतियोगिता जिसमें 15 विद्यालयों के 2000 विद्यार्थी शामिल हुये। इसरो वैज्ञानिक अंशुल मिश्रा के साथ संवाद जिसमें 10 विद्यालयों के 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। जेनेरिक दवाओं के प्रति जागरूकता, 12 साइकिल रैलियां, 2 सेमिनार, 5000 लोगों तक पहुंच। कैंसर जागरूकता साइकिल रैली जिसमें जिला अस्पताल सीधी के सहयोग से चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुये। गाय हय तो गाँव हय अभियान जिसमें अब तक 4 रैलियां, 2 में 500 बच्चों की भागीदारी। मोगली पलटन केवल बाल टोली नहीं, बल्कि संस्कृति, विज्ञान और सतत विकास का जीवंत सेतु है।

# करमाई में दिव्यांग शिविर आयोजित, 4 को मिला तत्काल प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिला प्रशासन तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आयोजित शिविरों की श्रृंखला अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत करमाई जनपद पंचायत मझौली में शिविर का सफल आयोजन किया गया।**

इस शिविर में कुल 11 दिव्यांगजनों का पंजीकरण/चिन्हांकन किया गया तथा 4 लाभार्थियों को तत्काल यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांगता प्रमाण पत्र) जारी किए गए। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा लाभार्थियों का परीक्षण कर पात्रता का निर्धारण किया गया। मेडिकल बोर्ड में डॉ.के.बी.प्रजापति, डॉ.रवि पटेल एवं ऑर्थो विशेषज्ञ डॉ.अरविंद सोनी शामिल रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ धनंजय मिश्रा ने शिविर की व्यवस्थाओं एवं संचालन का निरीक्षण किया।



समग्र अधिकारी नारायण बैगा ने पंचायत स्तर पर लाभार्थियों की उपस्थिति एवं सुविधा सुनिश्चित की। वहीं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से शिवांसु शुक्ला एवं शेषमणि साहू ने दस्तावेज़ों की जांच, लाभार्थियों को मार्गदर्शन तथा प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

# स्थानीय उत्पादों के उपयोग से अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : रीती



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर। भाजपा कार्यालय सीधी में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नगर मंडल कार्यशाला मुख्य वक्ता विधायक श्रीमती रीती पाठक को संबोधित किया एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय द्वारा की गई।**

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल व आत्मनिर्भर भारत संकल्प एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। इस दौरान नगर के व्यापारियों से मुलाकात कर नेक्स्ट जेन जीएसटी की शुभकामनाएं दिया और स्थानीय उत्पादों के उपयोग के महत्व पर चर्चा की गई, ताकि स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिले। इस अवसर पर महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधु धर द्विवेदी, श्रीमती मनीला सिंह, मुनिराज विश्वकर्मा, पार्षद श्रीमती सोमवती जायसवाल, श्रीमती सुधा देवी, यज्ञ प्रकाश तिवारी, श्रीमती रन्नू साकेत, दिनेश गुप्ता, राजीव मणि शर्मा, श्रीमती विभा शर्मा, श्रीमती संगीता सिंह, हीरा कोरी, नरेन्द्र गौतम, मुन्ना चौधरी, धर्मेन्द्र सोनी, श्रीमती राजकुमारी यादव, श्रीमती ओमता सोनी, बृजेश जायसवाल एवं मंडल के पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सब्जी के दाम बढने् से आम आदमी का स्वाद हुआ फीका

## हरी सब्जियों के दामों में फिर पड़ी महंगाई की मार, कम होने का नाम नहीं ले रही सब्जियों की महंगाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अक्टूबर, बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का स्वाद छीन लिया है। हरी सब्जियों के दाम इन दिनों आसमान छू रहे हैं। टमाटर 40 रुपए एवं धनिया पत्ती के दाम 250 रुपए के पार पहुंच चुके हैं। महंगाई की मार से मध्यम एवं गरीब तबके ज्यादा परेशान हैं। सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए कुछ लोगों ने चर्चा के दौरान बताया कि हरी सब्जियों के दाम विगत एक सप्ताह से फिर लगातार बढ़ रहे हैं।**

गर्मी के दिनो में जो कीमतें थी अब वह बरसात के सीजन में भी काफी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। इस वजह से जो लोग एक किलो सब्जी खरीदने के लिए घर से निकले थे उनको भारी दाम के चलते एक पाव सब्जी लेकर ही घर जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना था कि स्थिति यह है कि रोजाना हरी सब्जियों के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसा आभाष होता है कि सीधी में मनमानी दाम बढ़ाने वाले व्यवसायियों के लिए कोई विभाग नहीं है। सबसे ज्यादा महंगाई की मार लोगों को सब्जी एवं किराना सामग्री की खरीदी में उठानी पड़ रही है। सरकार द्वारा सरसो के तेल के दाम 100 रुपए लीटर तक गिरा दिए गए हैं। फिर भी कालाबाजारी में लगे व्यवसायियों द्वारा 160-180 रुपए लीटर दाम वसूला जा रहा है। सीधी शहर में जितनी किराना की दुकानें हैं अलग-अलग दाम मिलेंगे। काफी कम ऐसी दुकानें हैं जिनके द्वारा अपने दाम स्थिर रखे गए हैं। किराना सामान एवं हरी सब्जियों की खरीदी अमीर से लेकर गरीब तक करते हैं। जिसके पास जितना पैसा है वह उतना बढ़ती महंगाई में लुटा रहा है। व्यवसायी पूरी तरह से बेलगाम हैं। चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना



था कि सीधी शहर में सम्राट चौक क्षेत्र एवं मानस भवन क्षेत्र में कुचवाही से ग्रामीण सब्जी विक्रेता आते हैं उनके द्वारा थोक सब्जी मंडी से सुबह सब्जी खरीदी जाती है और उसी को देशी बताकर दुगना दामों में बेंचना शुरू कर दिया जाता है। शहर में जो फुटकर सब्जी विक्रेता हैं उनके द्वारा थोक सब्जी मंडी से आधे से कम दामों में हरी सब्जियां खरीदी जाती हैं और उसको दोगुना से ज्यादा दामों में बेंचने का खेल शुरू किया गया है। उनके इस मनमानी के चलते गरीब तबके के ग्राहक सब्जी के नाम पर सबसे ज्यादा लुट रहे हैं। जो आलू-प्याज थोक में 12-13 रुपए किलो आसानी से मिल रहे थे वही फुटकर कारोबारियों द्वारा दोगुने दामों में बेंचने का खेल शुरू किया गया है। ऐसा आभाष होता है कि सीधी में कोई भी ऐसा विभाग नहीं है जो कि ग्राहकों के साथ हो रही लूट या धोखाधड़ी पर कार्यवाही करने के लिए सड? में उतरता हो। इसी मनमानी के चलते ग्राहक पूरी तरह से लुटने के लिए मजबूर हैं। मुंह मांगे दाम देने के बाद भी नापतौल में धोखाधड़ी की जाती है। जिसके चलते एक किलो सब्जी लेने पर उसका बजन तीन पाव से भी कम रहता है। सब्जी के साथ में फलों के दामों में भी इसी तरह धोखाधड़ी एवं नापतौल में खेल किया जा रहा है। इसके चलते ग्राहक पूरी तरह से त्रस्त हैं और संबंधित विभागों के अधिकारी अपने चेंबरों में बैठकर कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं।

### हरी सब्जियों के दाम पर नजर

स्थानीय सब्जी मंडी में इन दिनों आलू 20 रुपए, प्याज 20 रुपए बिक रहे हैं। हरी सब्जियों में कद्दू 30 रुपए, लौकी 40 रुपए, करैला 60 रुपए, भिंडी 40 रुपए, बरबटी 60 रुपए, बैगन 30 रुपए, फूल गोभी 40 रुपए नग, पत्ता गोभी 30 रुपए किलो, परवर 80 रुपए किलो, शिमला मिर्च 80 रुपए किलो, रुइया 40 रुपए किलो, रेरुआ 40 रुपए किलो, तर्रोई 40 रुपए किलो, टमाटर 40 रुपए किलो, धनिया पत्ती 250 रुपए किलो, खीरा 30-40 रुपए किलो, मूली 40 रुपए किलो, गाजर 60 रुपए किलो, पालक 60 रुपए किलो, लाल भाजी 40 रुपए किलो की दर से बिक रहे हैं। उक्त दाम मुख्य सब्जी मंडी के हैं। सब्जी मंडी के बाहर फुटपाथ पर सब्जी बेंचने वालों के दाम और भी ज्यादा हैं। जो लोग जल्दबाजी में सड? के किनारे हरी सब्जियां खरीदते हैं उनको 10 -20 रुपए तक ज्यादा किलो में देना पड़ता है। इसी वजह से शहर के मुख्य सड?ों के किनारे फुटपाथी सब्जी विक्रेताओं की भरमार शहर में है।